IFFCO

पूर्णतः सहकारी स्वामित्व

स्वच्छ भारत अभियान

प्रिय साथियों,

जैसाकि हम सभी जानते हैं, हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने **"स्वच्छ भारत अभियान"** की परिकल्पना दी है। इस पहल पर पूरे देश में जोर-शोर से कार्य चल रहा है। स्वच्छता हमारे स्वस्थ जीवन के लिए अनिवार्यता है। यदि हम और हमारा वातावरण साफ-सुथरा होगा तो भारत भी स्वच्छ होगा। अतः यह एक सराहनीय पहल है।

इफको द्वारा इस राष्ट्र सेवा के कदम का स्वागत करते हुए इस स्वच्छ भारत तथा स्वच्छ विद्यालय अभियान में प्रतिवर्ष दस करोड़ रुपये का योगदान करने का निर्णय लिया गया है। जिस प्रकार इफको देश के हित के सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेती रही है उसी दिशा में हमने यह भी निर्णय लिया है कि हमारे सभी कृषकोपयोगी तथा ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों में स्वच्छता अभियान को भी शामिल किया जाएगा।

प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रस्तावित इस स्वच्छ भारत अभियान को कार्यान्वित करने के लिए इफको के सभी पांच करोड़ सदस्यों के साथ-साथ संपूर्ण इफको परिवार प्रतिबद्ध है। मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि आप अपने आसपास, घर-बाहर तथा इफको संयंत्रों व फील्ड कार्यालयों में स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें तथा उसे बनाए रखने में पुरजोर सहयोग करें। आप सभी के सहयोग व समर्थन से हम इस देश सेवा के अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान कर सकेंगे।

आइये, जिस प्रकार हम सभी सहकारिता की भावना से किसान भाइयों की सेवा कर रहे हैं, उसी तरह से मिलजुलकर इस अभियान को भी सफल बनाने का संकल्प लें।

जय किसान जय सहकार!

(बलविंदर सिंह नकई)
(अध्यक्ष, इफको)

IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड

इफको सदन, सी-1, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली - 110017, वेबसाइट : www.iffco.coop

Connect With Us At :

IFFCO live · f · t · YouTube